संसदीय कार्य मंत्रालय ने नजदीक आ रहे 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए योग कार्यशाला का आयोजन किया

Posted On: 12 JUN 2024 2:04PM by PIB Delhi

संसदीय कार्य मंत्रालय ने 10 जून, 2024 को संसद भवन स्थित पुस्तकालय भवन, नई दिल्ली में योग गुरु डॉ. सुरक्षित गोस्वामी के मार्गदर्शन में एक योग कार्यशाला का आयोजन किया। संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव श्री उमंग नरूला ने इस कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्रालय के अपर सचिव डॉ. सत्य प्रकाश ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर जोर दिया। डॉ. सुरक्षित गोस्वामी ने हमारे दैनिक जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला और पेशेवर तथा व्यक्तिगत जीवन में दक्षता को बेहतर बनाने के लिए कुछ बहुत ही प्रभावी योग, आसन और प्राणायाम करने के बारे में उपस्थितजनों को जानकारी दी। डॉ. गोस्वामी ने योग और प्राणायाम के अभ्यास के विशिष्ट लाभों पर प्रकाश डाला।

इस कार्यशाला में संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव श्री उमंग नरूला, अपर सचिव श्री प्रकाश और मंत्रालय के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। योग और प्राणायाम के अभ्यास के स्पष्ट लाभों को देखते हुए कार्यशाला में भाग लेने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों में बहुत उत्साह देखा गया।

*****

एमजी/एआर/आरपी/आईपीएस/एसके

(Release ID: 2024680) Visitor Counter : 234

Read this release in: Tamil , English , Urdu , Marathi , Hindi_MP , Bengali , Punjabi , Telugu